सराहनीय कार्य जनपद सम्भल पुलिस।

दिनांक – 06.04.2024

श्रीमान पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल श्री कुलदीप सिंह गुनावत के कुशल निर्देशन में जनपद सम्भल में दिनांक 06.04.2024 को कानून व्यवस्था,अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान में निम्नलिखित कार्यवाही की गयी।

चोरी के सामान के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार थाना बनियाठेर

दिनांक 13.01.2024 को श्रीमती रानी पत्नी प्रेम कुमार निवासी ग्राम बेरीखेडा थाना बनियाठेर जनपद सम्भल द्वारा थाना बनियाठेर पर अज्ञात चोर द्वारा घर से पीतल के बर्तन, सोने चांदी के आभूषण, एक गैस सिलेण्डर चोरी कर लेने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 08/24 धारा 380 भादवि पंजीकृत किया गया था।

आज दिनांक 06.04.2024 को थाना बनियाठेर पुलिस द्वारा गश्त व चैकिंग के दौरान अभियुक्त आशू को बाईपास चन्दौसी तिराहे पर जीरो पाईंट से मय चोरी के सामान के गिरफ्तार किया गया। चोरी के सामान की बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 411 भादवि की वृद्धि की गयी।

गिरफ्तार अभियक्त का नाम पता –

आशू पुत्र भोले राम निवासी अशोकनगर थाना बनियाठेर जनपद सम्भल।

बरामदगी –

- एक जोडी कुंडल पीली धातु,
- तीन जोडी बिछुआ सफेद धातु,
- एक अंगूठी पीली धातु,
- एक मंगल सूत्र पीली धातु सुनहरे रंग मोतियो की माला मे पिरोआ हुआ,
- एक जोडी पाजेब सफेद धातु,
- एक प्लास्टिक के कट्टे मे पांच बर्तन जिनमे एक गिलास स्टील का दो कटोरी स्टील की एक थाली फूल की,
- एक बाल्टी पीतल की,
- LPG बडा सिलेन्डर

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 श्री रमनपाल सिंह थाना बनियाठेर जनपद सम्भल, 2.का0 954 विवेक कुमार।

अवैध शस्त्र के साथ 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार थाना रजपुरा-

मु0नं0 413/19 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट में वारण्टी अभियुक्त दानवीर उर्फ धासू पुत्र अनोखेलाल निवासी दहगवां थाना जरीफनगर जनपद बदायूं को एक अवैध तमंचा 12 बोर व 01 जिन्दा कारतूस के साथ उ0नि0 श्री पवन कुमार द्वारा मय पुलिस टीम के पहलवाडा तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया । अवैध शस्त्र की बरामदगी के आधार पर थाना रजपुरा पर मु0अ0सं0 121/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया ।

अवैध शस्त्र के साथ 02 अभियुक्त गिरफ्तार थाना हजरतनगरगढ़ी-

1. मु0अ0सं0 79/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियुक्त नासिर पुत्र शाकिर निवासी ग्राम शाहपुर चमारान थाना हजरतनगर गढ़ी जनपद सम्भल को एक अवैध तमंचा 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ उ0नि0 श्री मनोज कुमार द्वारा ग्राम शाहपुर चमारान में शराब की हट्टी से आगे नहर की पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया ।

2. मु0अ0सं0 80/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट में अभियुक्त सत्यपाल उर्फ विजय पुत्र अशर्फीलाल निवासी ग्राम सिसौटा थाना हज़रतनगर गढी जनपद सम्भल को एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस के साथ उ0नि0 श्री नरेन्द्र शर्मा द्वारा मय पुलिस टीम के ग्राम रेलवे क्रासिंग ग्राम हण्डालपुर से गिरफ्तार किया गया।

---

01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार थाना सम्भल-

मु0अ0सं0 112/24 धारा 279/337/338/427/304ए भादवि में वांछित अभियुक्त अभिषेक पुत्र श्री मुरारीलाल निवासी ग्राम नूरियो सराय थाना सम्भल जनपद सम्भल को उ0नि0 श्री अश्वनी कुमार शर्मा द्वारा मय पुलिस टीम के चन्दौसी मुरादाबाद बाईपास तिराहे से गिरफ्तार किया गया ।